फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

सीताराम बनाम तहसीलदार जालसू व अन्य

केस संख्या 70/2025 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
03.06.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि तहसीलदार जालसू पीठासीन अधिकारी पर पर श्रीमती निधि मीणा आर॰टी॰एस॰ का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने तहसीलदार जालसू के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 15/2024 सरकार बनाम सीताराम व अन्य में लिंक पीठासीन अधिकारी श्री रामबाबू गुप्ता से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। चूंकि तहसीलदार जालसू के पीठासीन अधिकारी पद पर श्रीमती निधि मीणा आर॰टी॰एस॰ का पदस्थापन हो गया है। अतः पूर्व लिंक पीठासीन अधिकारी के विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (डॉ॰ जितेन्द्र कुमार सोनी) जिला कलक्टर जयपुर	